## भारत का संवैधानिक इतिहास

1. बी. आर. अम्बेडकर और महात्मा गांधी के मध्य सन् 1932 में हस्ताक्षरित पूना समझौते में प्रावधान था–
(अ) भारत के लिए डोमिनियन स्थिति बनाए जाना
(ब) मुसलमानों के लिए पृथक् निर्वाचन क्षेत्र
(स) निम्न वर्गों के लिए पृथक् निर्वाचन क्षेत्र
(द) निम्न वर्गों के लिए आरक्षण सहित संयुक्त निर्वाचन क्षेत्र
उत्तर : (द) IAS 1997

2. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :
सूची–I
A. सूरत विभाजन
B. सांप्रदायिक अधिनिर्णय
C. सर्वदलीय सम्मेलन
D. पूर्ण स्वराज्य का संकल्प
सूची–II
1. 1929
2. 1928
3. 1932
4. 1907
(अ) A – 1, B – 2, C – 3, D - 4
(ब) A – 4, B – 3, C – 2, D - 1
(स) A – 1, B – 2, C – 4, D - 3
(द) A – 2, B – 3, C – 1, D - 4
उत्तर : (ब) IAS 1997

3. निम्नलिखित में से किस अधिनियम द्वारा भारत के गवर्नर जनरल को अध्यादेश जारी करने की शक्ति प्रदान की गई ?
(अ) चार्टर एक्ट 1833
(ब) भारतीय परिषद् अधिनियम, 1861
(स) भारतीय परिषद् अधिनियम, 1892
(द) भारतीय परिषद् अधिनियम, 1909
उत्तर : (ब) UPPCS 1997

4. भारत के गवर्नर जनरल को किस एक्ट के द्वारा अपनी समिति के निर्णयों को अस्वीकार करने का अधिकार मिला ?
(अ) 1773 का रेग्यूलेटिंग एक्ट
(ब) 1784 का पिट इंडिया एक्ट
(स) 1786 का एमेंडमेंट एक्ट
(द) 1813 का चार्टर एक्ट
उत्तर : (स) UPPCS 1990

5. साम्राज्ञी विक्टोरिया ने 1858 की घोषणा में भारतीयों को बहुत–सी चीजें दिए जाने का आश्वासन दिया था। निम्न आश्वासनों में से कौनसा ब्रिटिश शासन ने पूरा किया था ?
(अ) रियासतों को हड़पने की नीति समाप्त कर दी जाएगी
(ब) देशी रजवाड़ों की यथा स्थिति बनाए रखी जाएगी
(स) भारतीय व यूरोपियन सभी प्रजा को समान व्यवहार मिलेगा
(द) भारतीयों के सामाजिक व धार्मिक विश्वासों में कोई हस्तक्षेप नहीं होगा
उत्तर : (ब) UPPCS 1994

6. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :
सूची–I
A. अगस्त घोषणा
B. अगस्त प्रस्ताव
C. अगस्त संकल्प
D. प्रत्यक्ष कार्यवाही दिवस
सूची–II
1. लार्ड लिनलिथगो
2. लार्ड मान्टेंग्यू
3. मुहम्मद अली जिन्ना
4. महात्मा गाँधी
(अ) A – 1, B – 2, C – 3, D - 4
(ब) A – 4, B – 3, C – 2, D - 1
(स) A – 2, B – 1, C – 4, D - 3
(द) A – 2, B – 3, C – 1, D - 4
उत्तर : (स) UPPCS 1997

7. रेग्यूलेटिंग एक्ट कब परित किया गया ?
(अ) 1773 ई. में (ब) 1771 ई. में
(स) 1785 ई. मं (द) 1793 ई. में
उत्तर : (अ) UPPCS 1994

8. महारानी विक्टोरिया को भारत की साम्राज्ञी नियुक्त किया गया–
(अ) 1885 ई. में (ब) 1875 ई. में
(स) 1876 ई. में (द) 1858 ई. में
उत्तर : (स) BPSC 1992

9. मिंटो–मार्ले सुधार का उद्देश्य क्या था ?
(अ) पृथक निर्वाचन प्रणाली
(ब) भारतीय की भागीदारी बढ़ाना
(स) युद्ध में सहयोग हेतु तैयार करना
(द) पूर्ण स्वतंत्रता देना
उत्तर : (अ) IAS 1992

www.rajstudents.com

10. मार्ले–मिंटों सुधार बिल किस वर्ष पारित किया गया था ?
(अ) 1905 में (ब) 1909 में
(स) 1911 में (द) 1920 में
उत्तर : (ब) UPPCS 1994

11. मुसलमानों के लिए अतिरिक्त निर्वाचक मंडल प्रारंभ में किसके द्वारा लाया गया था ?
(अ) क्रिप्स मिशन, 1942
(ब) मार्ले–मिंटो सुधार, 1909
(स) मांटेग्यू–चेम्सफोर्ड सुधार, 1919
(द) भारत सरकार अधिनियम, 1935
उत्तर : (ब) IAS 1989

12. 1909 के इंडियन कौंसिल एक्ट में किस बात की व्यवस्था की गई थी ?
(अ) द्वैध शासन प्रणाली
(ब) साम्प्रदायिक प्रतिनिधित्व
(स) संघीय व्यवस्था
(द) प्रांतीय व्यवस्था
उत्तर : (ब) UPPCS 1996

13. मांटेग्यू–चेम्सफोर्ड सुधार में प्रावधानों का सार था–
(अ) राज्यों की स्वायत्तता
(ब) प्रान्तों में दोहरा शासन
(स) हिन्दू–मुस्लिम हेतु पृथक निर्वाचन व्यवस्था
(द) राज्यपालों को वीटो शक्ति
उत्तर : (ब) IAS 1987

14. 1946 का कैबिनेट मिशन तीन मंत्रियों में गठित था। निम्नलिखित में से कौन इसका सदस्य नहीं था ?
(अ) लॉड्र पैथिक लॉरेंस (ब) ए. वी. अलेक्जेंडर
(स) सर स्टैफर्ड क्रिप्स (द) लॉड्र एमरी
उत्तर : (द) UPPCS 1994

15. कैबिनेट मिशन योजना के विषय में कौनसा सही नहीं है ?
(अ) प्रांतीय समूहीकरण
(ब) भारतीय सदस्यों वाला अंतरिम मंत्रिमंडल
(स) पाकिस्तान की स्वीकृति
(द) संविधान निर्माण का अधिकार
उत्तर : (स) IAS 1996

16. भारत का संविधान लागू होने तक स्वतंत्रता के पश्चात् शासन किसके अंतर्गत चलाया गया ?
(अ) भारतीय नेताओं के परामर्श से बने कानून द्वारा
(ब) इंग्लैण्ड के संविधान के अनुसार
(स) 1935 के भारत सरकार अधिनियम के अनुसार
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स) IAS 1988

17. भारत को वर्ष 1947 में सार्वभौम सत्ता सौंपने की योजना निम्न में से किस नाम से जानी गयी ?
(अ) डूरण्ड योजना (ब) मिंटो–मार्ले योजना
(स) माउंटबेटन योजना (द) वेवेल योजना
उत्तर : (स) UPPCS 1994

18. निम्नलिखित में से सुमेलित नहीं है–
(अ) मार्ले–मिंटो सुधार – साम्प्रदायिक प्रतिनिधित्व
(ब) भारत सरकार अधिनियम – स्वशसन
(स) कैबिनेट मिशन – संविधान सभा का गठन
(द) साइमन कमीशन – भारत विभाजन
उत्तर : (द) IAS 1988

19. अखिल भारतीय महासंघ स्थापित करने का प्रावधान शामिल किया गया था–
(अ) भारत सरकार अधिनियम, 1935 में
(ब) अगस्त प्रस्ताव, 1940 में
(स) भारत सरकार अधिनियम, 1919 में
(द) कैबिनेट मिशन प्रस्ताव, 1946 में
उत्तर : (अ) UPPCS 2013

20. निम्न में से किस अधिनियम ने केंद्र में द्वैध शासन प्रणाली को स्थापित किया–
(अ) भारत शासन अधिनियम, 1935
(ब) भारत शासन अधिनियम, 1919
(स) भारत परिषद् अधिनियम, 1909
(द) भारत परिषद् अधिनियम, 1892
उत्तर : (अ) UPPCS 2014

21. संघीय प्रणाली का पहला प्रयास भारत सरकार अधिनियम ............... द्वारा किया गया था।
(अ) 1909 (ब) 1919
(स) 1935 (द) 1858
उत्तर : (स) SSC 2011

22. किस अधिनियम की प्रमुख विशेषता प्रांतीय स्वायत्तता थी ?
(अ) 1935 (ब) 1919
(स) 1904 (द) 1856
उत्तर : (अ) SSC 2008

23. भारत में सचिव का पद किसके द्वारा निर्मित किया गया था ?
(अ) मार्ले–मिंटो सुधार, 1909
(ब) भारत सरकार अधिनियम, 1858
(स) भारतीय परिषद् अधिनियम, 1861
(द) मांटेग्यू–चेम्सफोर्ड सुधार, 1919
उत्तर : (ब) RRB 2009

www.rajstudents.com

24. किस भारतीय अधिनियम के तहत पहली बार विधायिका में कुछ निर्वाचित प्रतिनिधित्व की मंजूरी दी गई ?
(अ) भारतीय सरकार अधिनियम, 1858
(ब) भारत सरकार अधिनियम, 1909
(स) भारत सरकार अधिनियम, 1919
(द) भारत सरकार अधिनियम, 1935
उत्तर : (ब) SSC 2017

25. भारत शासन अधिनियम, 1935 द्वारा स्थापित संघ में अवशिष्ट शक्तियाँ किसे दी गई थी ?
(अ) संघीय विधान मंडल को
(ब) गवर्नर जनरल को
(स) प्रांतीय विधान मंडल
(द) प्रांतीय राज्यपालों को
उत्तर : (ब) UPPSC 2018

―――――

www.rajstudents.com